16th September 2026

To, National Stock Exchange of India Limited **("NSE")** Listing Department, Exchange Plaza, C-1 Block G, Bandra Kurla Complex Bandra [East], Mumbai – 400051	To, BSE Limited **("BSE")** Listing Department, Corporate Relationship Department, Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai - 400 001
NSE Scrip Symbol: **CANHLIFE**	BSE Scrip Code: **544583**
ISIN: INE01TY01017 INE01TY08012 (Non-Convertible Debentures)	ISIN: INE01TY01017

Dear Sir/Madam,

Sub: Newspaper Advertisement regarding completion of dispatch of Postal Ballot Notice and intimation of Remote e-voting facility

Pursuant to the provisions of Regulation 30 and 51 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copies of newspaper advertisements with respect to completion of dispatch of electronic copies of Postal Ballot Notice dated 9th September 2026 along with Explanatory Statement and intimation of remote e-voting facility to the Members of the Company as on Friday, 11th September 2026 ('Cut- Off date'), as published in the following newspapers:

(i) Mint (English) – All Editions
(ii) Hindustan (Hindi) – Delhi Edition

The same is also available on the website of the Company at www.canarahsbclife.com/.

You are requested to take the same on your records.

Thanking You,

For **Canara HSBC Life Insurance Company Limited**

VATSALA SAMEER
Digitally signed by VATSALA SAMEER
Date: 2026.09.16 15:42:28 +05'30'

Vatsala Sameer
Company Secretary and Compliance Officer
Membership No: A14813

Encl.: As above

Why are AI pioneers urging a slowdown?

FROM FRONT FLAP

2 But are these warnings really sincere?

The widely shared views of Amodei and Coxon have been echoed by OpenAI's Altman and xAI's Musk, who are usually vocal adversaries. AI researchers in China have similarly raised concerns about the speed of AI advancement and its impact. However, sceptics are now questioning the underlying motives behind these warnings. Clement Delangue, head of AI platform Hugging Face (which Nvidia acquired on 3 September for $12.9 billion), stressed the need for broader public participation in AI development. Meanwhile, Rahm Emanuel, former chief of staff to Barack Obama, questioned whether large corporations calling for government intervention might simply be trying to stifle industry competition.



ISTOCKPHOTO

3 Is there any precedent for development curbs?

Not really. While governments have historically regulated tech sectors by targeting monopolistic practices, such as the May 1998 antitrust lawsuit against Microsoft over its operating system and internet dominance, regulators intervened only after the sector had matured. India too resisted calls to regulate new sectors like cryptocurrency, as officials argued legislation wasn't the route to responsible innovation. Nuclear power is a rare exception.

4 So, what's behind this push by AI honchos?

Most top AI firms are based in the US, making many stakeholders question if calls to slow innovation serve American interests in winning a global AI race. US President Donald Trump, on this note, has rejected calls for a global AI slowdown, saying that "whoever wins the race for AI, wins". There is substance to claims that AI firms seeking regulation could create higher barriers for new startups trying to innovate. Countries such as India, which lag the US and China, could be forced to rely on non-sovereign platforms. For the US, this could mark a major win in an increasingly divided world.

5 And where does this call leave India?

For now, India is not a global leader in foundational AI platforms. Its government, has, however, shifted toward a pro-regulation stance, emphasizing that state backing could help build an industry aimed at reducing dependence on the US for core technologies. A 'slowdown' in the US may not directly impact India immediately, unless global access to AI becomes restricted as a result. With its $1.2-billion AI Mission progressing at a slow pace, India could view this moment as an opportunity to emerge as a meaningful contributor and alternative to global AI platforms.

Never say never: Jefferies keeps wealth management entry open

Dipti Sharma & Ram Sahgal
MUMBAI



Yield differentials and currency risk may be flying under the radar for most investors, but country head of Jefferies India, Aashish Agarwal, considers them a critical blind spot for the market.

Narrowing yield spreads between the US and India put direct pressure on debt flows and create indirect currency risks for equities. To curb sharp rupee depreciation and narrowing yield differentials, a domestic rate hike could eventually be on the table.

However, Agarwal emphasizes that foreign portfolio investors (FPIs) are primarily watching currency stability. "Currency stability—not yield spread alone—is the key trigger for FPIs. If foreign currency reserves keep the rupee steady, outflows remain manageable."

Looking beyond macro risks, Jefferies is keeping its options open on home turf. While Agarwal stressed that the firm remains squarely focused on its core strengths for now, he didn't rule out venturing into wealth or asset management down the road, noting that "if the right opportunity arises, you never say never". *Edited excerpts:*

What is your view on the current global market volatility, rising inflation expectations, and recent European Central Bank rate hikes? Could this have a long-lasting impact?

INTERVIEW

The world is definitely a lot more uncertain than it was a few months ago. We are seeing unprecedented volatility across demand, energy prices, and global trade outlooks, and this volatility may stay for a while. However, as a house, we genuinely believe India has always been a great water mark market. Real money is made by staying strong through uncertainty. We believe there are enough companies with very robust earnings outlooks despite current volatility, and investors should focus on finding stocks with strong leadership and visible earnings.

With significant FPI outflows since late 2024 and India largely missing the global AI trade, what is your view on current FPI sentiment?

Every large-cap was once a small-cap, with that transition driven by sector performance and company leadership or execution. India is currently undergoing a structural transition from sectors that drove growth over the last two to three decades to a new generation of sectors poised to lead over the next decade.

Historically, growth was concentrated in three FPI-dominated sectors: financials, tech services, and select consumer staples. Having reached high penetration, their growth is now normalizing toward GDP (gross domestic product) levels. The next phase of growth will come from more secular sectors—currently mid-caps or large small-caps—that will see their index weights rise. These include infrastructure, power, and hard assets like real estate, hospitals, and hotels, where growth is running at 20-25% or higher.

As was the case 15-20 years ago, the broader index does not fully reflect the stock-picking opportunity, making it essential to identify these next-generation sectors and leaders. This background explains the heavy FPI sell-off over the past two years; slower growth in traditional heavyweights reduced India's weight in EM (emerging market) portfolios, while markets like Korea and Taiwan saw their weights increase.

However, FPI sentiment has shown durable improvement over the last three months, with $5 billion in net inflows since mid-June. As FPIs evaluate the volatility of global AI and chip trades against India's correction and better relative valuations, narrowing the earnings growth differential between India and other EMs will be the single most important trigger for sustained FPI flows.

> Yield differential and its implications for the currency are a potential blind spot for us as a country.
>
> **Aashish Agarwal**
> Country head of Jefferies India

With US yields hardening—the 10-year around 5% and the 30-year near 5.35%—the narrowing yield gap typically triggers FPI outflows. Do you see this as a transient phase, or could it disrupt India's FPI outlook again?

US yields directly affect debt flows, while equity flows face indirect currency risk as the yield differential narrows. India may need to raise interest rates to prevent significant rupee depreciation. Currency stability—not yield spread alone—is the key trigger for FPIs. If foreign currency reserves keep the rupee steady, outflows remain manageable.

Chris Wood has been very bullish on India. Where is the blind spot that even Jefferies might be missing about India?

One thing that not everybody is talking much about is the yield differential and currency risk. The yield differential and its implications for the currency are a potential blind spot for us as a country.

Why are FPIs less active in Indian public listings than domestic mutual funds? Are valuations a concern?

FPI participation in IPOs is tricky because allocation limits can result in very small allotments for large, high-demand issues. Upcoming major IPOs will test FPI interest. Over the past two years, high valuations, slower earnings growth, and a lower index weight have weighed on FPI sentiment, leading investors to seek quality stocks rather than focusing strictly on tech.

Are you seeing more outbound mergers and acquisitions (M&As) by Indian corporates or strategic buyouts by global private equity firms?

The activity is driven more by strategic and private equity buyers than by Indian outbound M&A. Indian outbound deals remain smaller and focused on domain expertise, such as acquiring European engineering, aerospace, and defence assets. Also, we are seeing more control buyouts rather than minority investments.

Why hasn't Jefferies entered wealth management in India, as Morgan Stanley or Julius Baer have?

Wealth management is not a business we pursue globally. Unlike many American and domestic peers, we do not operate a commercial bank or leverage a corporate balance sheet. Globally and in India, our primary focus remains on excelling in investment banking and equities. That said, as our brand recognition grows across retail, HNIs, and corporate segments, we may evaluate new verticals such as wealth or asset management in the future. While it is difficult to commit to a timeline, we remain focused on our core strengths—though if the right opportunity arises, you never say never.

For an extended version of this story, go to livemint.com

बैंकों को केंद्र सरकार का निर्देश, व्यापारी ग्राहकों पर न डाल सकें नए शुल्क का बोझ, छोटे दुकानदार को नहीं देना होगा एमडीआर

यूपीआई ऐप छिपे हुए शुल्क नहीं लगा सकेंगे

यूपीआई के नए नियम

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने कहा कि यूपीआई ऐप प्रदाताओं को डिजिटल मंच शुल्क या छिपे हुए शुल्क लगाने की अनुमति नहीं होगी। बैंकों को यह सुनिश्चित करने को भी कहा गया है कि व्यापारी इस नए शुल्क का बोझ ग्राहकों पर न डालें। इसके अलावा, व्यक्तिगत यूपीआई लेनदेन के लिए कोई मासिक कोटा या मुफ्त लेनदेन की संख्या पर सीमा नहीं होगी।

यूपीआई क्यूआर कोड के जरिये हर महीने एक लाख रुपये तक पाने वाले छोटे व्यापारी नई व्यवस्था के तहत शून्य एमडीआर का लाभ लेते रहेंगे। यदि कोई व्यापारी लगातार तीन महीने तक एक लाख रुपये से अधिक का मासिक लेनदेन करता है, तो उसे सामान्य पी2एम श्रेणी में रखा जाएगा।

सरकार के अनुसार, नई व्यवस्था से केवल करीब चार प्रतिशत व्यापारी लेनदेन ही प्रभावित होंगे। इसकी वजह है कि अधिकांश लेनदेन या तो 2,000 रुपये की सीमा से कम हैं या पी2एम छूट के दायरे में आते हैं।

नई एमडीआर व्यवस्था केवल प्रत्यक्ष उपयोगकर्ता के बैंक खाते से व्यापारी के खाते में होने वाले यूपीआई भुगतान पर लागू होगी। यूपीआई पर रुपे क्रेडिट कार्ड या पहले से मंजूर 'क्रेडिट लाइन' के जरिये होने वाले भुगतान अलग नियमों के तहत आएंगे।

छह साल से लागू थी शून्य शुल्क सेवा : शून्य एमडीआर व्यवस्था जनवरी, 2020 से लागू थी और इसका उद्देश्य डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना था। हालांकि, बैंक और वित्तीय-प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियां इसे टिकाऊ नहीं बताते हुए शुल्क फिर से लागू करने की लंबे समय से मांग कर रही थीं। भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) भी पहले सरकार से इस नीति की समीक्षा करने का आग्रह कर चुके हैं।

आपकी जेब पर पड़ेगा कितना असर? आसान भाषा में समझें

दूध-सब्जी की खरीदारी हो, बिजली का बिल, यूपीआई हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। ऐसे में एमडीआर को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच क्या आपकी जेब पर कोई अतिरिक्त भार पड़ेगा? जानते हैं 10 सीधे सवालों और जवाबों में समझते हैं पूरा गणित।

1 क्या यूपीआई एमडीआर लागू होने से ऑटो-पे या आवर्ती भुगतान महंगे होंगे?
नहीं। यूपीआई मैंडेट या ऑटो-पे के तहत होने वाले नियमित भुगतान पर निर्धारित एमडीआर नहीं लगेगा। बिजली-पानी के बिल, ओटीटी सदस्यता, म्युचुअल फंड निवेश जैसे आवर्ती भुगतान प्रभावित नहीं होंगे।

2 यूपीआई पर एमडीआर पारंपरिक डेबिट और क्रेडिट कार्ड से कैसे अलग है?
क्रेडिट कार्ड पर आमतौर पर 1.5 से 2.5 प्रतिशत तक एमडीआर लगता है, जबकि डेबिट कार्ड पर यह 0.90 प्रतिशत तक हो सकता है। यूपीआई पर 2,000 से अधिक के लेनदेन के लिए 0.4% और अधिकतम 300 की सीमा इसे कारोबारियों के लिए कम लागत वाला विकल्प बनाती है।

3 क्या छोटे कारोबारियों को अपने पुराने यूपीआई क्यूआर कोड बदलने होंगे?
नहीं। मौजूदा यूपीआई क्यूआर कोड पहले की तरह काम करते रहेंगे। कारोबारियों को नया क्यूआर लगाने, दोबारा पंजीकरण कराने या अपने साउंडबॉक्स बदलने की जरूरत नहीं होगी।

4 क्या बीमा प्रीमियम के भुगतान पर भी सामान्य प्रतिशत के हिसाब से एमडीआर लगेगा?
नहीं। 2,000 से अधिक के बीमा प्रीमियम भुगतान पर विशेष रियायती व्यवस्था के तहत पांच रुपये का फ्लैट एमडीआर लागू होगा। इससे बड़े वार्षिक या छमाही प्रीमियम पर प्रतिशत आधारित शुल्क का बोझ कम रहेगा।

5 पेट्रोल पंप पर यूपीआई से 2,000 से अधिक का भुगतान करने पर कितना एमडीआर लगेगा?
2,000 रुपये से अधिक के ईंधन भुगतान पर पांच रुपये का फ्लैट एमडीआर लागू होगा। 2,000 रुपये तक के ईंधन भुगतान पर एमडीआर शून्य रहेगा। रोजाना ईंधन भराने वाले ग्राहकों और पेट्रोल पंप कारोबारियों पर अतिरिक्त शुल्क का बोझ सीमित होगा।

6 बिजली और पानी जैसे सरकारी उपयोगिता बिलों पर एमडीआर कितना होगा?
2,000 रुपये से अधिक के बिजली, पानी और पाइप्ड प्राकृतिक गैस जैसे उपयोगिता बिलों पर 0.4 प्रतिशत की दर के बजाय पांच रुपये का फ्लैट एमडीआर लागू होगा। 2,000 तक के भुगतान पर एमडीआर शून्य रहेगा।

7 क्या स्कूल-कॉलेज की फीस भरने पर एमडीआर देना होगा?
2,000 रुपये तक के शैक्षणिक भुगतान पर एमडीआर नहीं लगेगा। इससे अधिक के भुगतान पर फ्लैट शुल्क या निर्धारित अधिकतम सीमा वाली व्यवस्था लागू होगी।

8 एमडीआर का भुगतान आखिर कौन करता है?
एमडीआर मूल रूप से डिजिटल भुगतान स्वीकार करने वाले कारोबारी या संस्था से जुड़ा शुल्क है। इसका उद्देश्य भुगतान प्रक्रिया में शामिल विभिन्न पक्षों की लागत को कवर करना है।

9 क्या एमडीआर बढ़ने से यूपीआई का इस्तेमाल कम हो सकता है?
एमडीआर की दर कम रखे जाने से कारोबारियों पर लागत का असर सीमित रखने की कोशिश की गई है। कारोबारियों को नया बुनियादी ढांचे की जरूरत नहीं होगी।

10 एमडीआर से आम ग्राहक को क्या फायदा होगा?
डिजिटल भुगतान स्वीकार करने की लागत को नियंत्रित रखा जा सकता है। बीमा, ईंधन, उपयोगिता बिल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में रियायती या शून्य एमडीआरसे कारोबारियों की लागत कम होगी।

यूपीआई को बढ़ावा देने पर होगा सरकार का जोर

सरकार ने तय किया है कि छोटे कारोबारियों के बीच यूपीआई के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए एक अलग कोष बनाया जाएगा। इसमें कुल एमडीआर से मिलने वाली राशि का पांच प्रतिशत योगदान दिया जाएगा। इससे छोटे कारोबारियों के बीच यूपीआई स्वीकार्यता बढ़ाने, लगातार इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने और डिजिटल भुगतान व्यवस्था में छोटे कारोबारियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए किया जाएगा। सरकार का मानना है कि नई एमडीआर व्यवस्था से यूपीआई को वित्तीय रूप से अधिक टिकाऊ बनाने में मदद मिलेगी।

क्या है एमडीआर

मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) वह शुल्क है जो डिजिटल भुगतान स्वीकार करने वाले किसी व्यापारी से लिया जाता है। इसे डिजिटल भुगतान स्वीकार करने की कारोबारी की लागत भी कहा जा सकता है। डिजिटल भुगतान की प्रक्रिया में बैंक, भुगतान नेटवर्क और भुगतान सेवा प्रदाता जैसे कई पक्ष शामिल होते हैं। एमडीआर शुल्क इनकी भुगतान प्रक्रिया से जुड़ी लागत को पूरा करने में इस्तेमाल होता है।

देश 30s

नमक कंटेनर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई



अहमदाबाद। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को भारत की पहली पहली नमक कंटेनर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह मालगाड़ी गुजरात के कच्छ में शिवलाखा से राज्य में ही स्थित मीठापुर के बीच चलेगी। इसमें नमक परिवहन के लिए एक खास स्टेनलेस स्टील कंटेनर का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये भीमसर (कच्छ), देवलिया (जूनागढ़), चंडीसर (बनासकांठा) और शिवलाखा (कच्छ) में गति शक्ति कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) को भी देश को समर्पित किया।

कांग्रेस नेता ने उमर खालिद को राष्ट्रवादी बताया

बेंगलुरु। कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख बीके हरिप्रसाद ने मंगलवार को जेल में बंद उमर खालिद को राष्ट्रवादी बताया। हरिप्रसाद ने कहा कि उमर खालिद एक राष्ट्रवादी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) को खालिद के बारे में बोलने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कांग्रेस पर भारत की मूल विचारधारा को कमजोर करने और तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। पात्रा ने कहा कि बीके हरिप्रसाद का बयान निंदनीय है। उन्होंने कहा कि जरा देखिए कि कांग्रेस पार्टी को उमर खालिद के लिए कितनी हमदर्दी है।

नए भुगतान नियम पर कांग्रेस-भाजपा में भिड़त

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। यूपीआई भुगतान से संबंधित नए नियमों पर कांग्रेस- भाजपा आमने सामने हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार यूपीआई लेनदेन पर शुल्क से आम आदमी की जेब पर बोझ डालने का कार्य कर रही है। वहीं, भाजपा ने कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा कि दो हजार रुपये से अधिक के व्यापारिक यूपीआई लेनदेन की संख्या भले ही करीब पांच प्रतिशत हो, लेकिन यूपीआई के कुल लेनदेन में इसकी हिस्सेदारी करीब 65 प्रतिशत है। ऐसे में शुल्क का बोझ सीधे ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा। राहुल गांधी ने सवाल किया कि ग्राहक से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, लेकिन दुकानदार पर लगने वाली फीस आखिर कहां से आएगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी भुगतान कंपनियां लंबे समय से भारत की शून्य एमडीआर नीति का विरोध करती रही हैं और अब मोदी सरकार ने ठीक उसी दिशा में नीति बदलने का रास्ता खोल दिया है।

आम आदमी पर होगा असर : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यूपीआई पर कोई शुल्क नहीं की व्यवस्था को बदलकर दो हजार रुपये से ऊपर के यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। सरकार के इस कदम से आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ेगा। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने भी नए नियम को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

विपक्ष गलत जानकारी से भ्रम फैला रहा : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए विपक्षी पार्टी को झूठ की दुकान कहा। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि कांग्रेस एक बार फिर गलत जानकारी फैला रही है। 96 प्रतिशत यूपीआई मर्चेंट लेनदेन 2,000 रुपये या उससे कम के होते हैं और वे 100 प्रतिशत चार्ज-फ्री हैं। रूपे डेबिट-कार्ड से पेमेंट चार्ज-फ्री रहेंगे। भाजपा नेता ने कहा कि सरकार ने बिल्कुल साफ कर दिया है कि ग्राहकों पर एमडीआर चार्ज नहीं लगाया जाएगा। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि ऐसा कोई सरकारी आदेश नहीं है, जिसमें कहा गया हो कि 5,000 रुपये के पेमेंट पर 25 रुपये या 10,000 रुपये के पेमेंट पर 50 रुपये का चार्ज लगेगा।

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय वास्तुकला एवं नियोजन अनुभाग,
नीलगिरी काम्पलैक्स, द्वितीय तल, इन्दिरा नगर, लखनऊ, 226016

पत्रांक-1892/सी०ए०पी०/2026 दिनांक 24-06-2026

सार्वजनिक सूचना

परिषद की वसुन्धरा योजना, गाजियाबाद में स्थित आवासीय भवन/भूखण्ड सं०-10डी/9 पर पूर्ण व्यवसायिक क्रियाएं अनुमन्य हेतु आवंटी द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में उपविधि के प्रस्तर-15.1.3 (iv) के अनुसार अनुमोदित ले-आउट प्लान में निर्दिष्ट आवासीय भू-उपयोग में पूर्ण व्यवसायिक क्रियाएं अनुमन्य किये जाने हेतु जन सामान्य से आपत्तियाँ/सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। आपत्तियाँ/सुझाव प्रकाशन की तिथि से 15 दिन की अवधि में मुख्य वास्तुविद नियोजक कार्यालय, उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, द्वितीय तल, नीलगिरी काम्पलेक्स, इन्दिरा नगर, लखनऊ को ई-मेल cap@upavp.com व कार्यालय में लिखित रुप में दो प्रतियों में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। नियत अवधि में प्राप्त आपत्तियाँ/सुझाव पर ही विचार किया जायेगा।

आवास आयुक्त

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 1800-180-5333 (टोल फ्री नंबर), 0522-2236803
UPHousingBoard www.upavp.in info@upavp.com

फ.सं.35-4/2026- टीएस. III
भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

07 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) प्रत्येक में आगामी रिक्तियों के लिए निदेशक की नियुक्ति

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश), जयपुर (राजस्थान), जालंधर (पंजाब), राउरकेला (ओडिशा), सूरत (गुजरात), तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु) और मिजोरम प्रत्येक में निदेशक के एक-एक पद हेतु आगामी रिक्तियों को नियमों के अधीन केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति के समकक्ष यथा स्वीकार्य रु.11,250/- प्रति माह के विशेष भत्ते सहित रु. 2,10,000/-(निश्चित) के नियत वेतनमान पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

एनआईटी के निदेशक से अकादमिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख होने के नाते यह अपेक्षा की जाती है कि उनकी नेतृत्व गुणों के साथ प्रमाणित प्रशासनिक, शिक्षण और अनुसंधान की पृष्ठभूमि (पीएचडी स्तर पर अनुसंधान मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण अनुभव सहित) हों। नियुक्ति, अनुबंध के आधार पर पांच वर्ष की अवधि के लिए या 70 वर्ष की आयु की प्राप्ति तक, जो भी पहले हो, की जाएगी।

पात्र / इच्छुक व्यक्ति www.nitcouncil.org.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो 21.09.2026 से 20.10.2026 तक 12:00 बजे मध्यरात्रि तक खोली जाएगी। दोनों तिथियां शामिल हैं।

यदि अंग्रेजी संस्करण और हिंदी संस्करण के बीच कोई असंगतता या अस्पष्टता है, तो अंग्रेजी संस्करण प्रबल होगा।

अन्य आवश्यक जानकारी के साथ विस्तृत विज्ञापन वेबसाइट http://education.gov.in और www.nitcouncil.org.in पर दिए गए हैं।

सीबीसी 21385/11/0001/2627

तारिक रहमान को दो बार न्योता भेजा गया : मंत्रालय

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। भारत ने साफ किया है कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को भारत यात्रा के लिए दो अलग-अलग निमंत्रण दिए गए थे। इनमें एक निमंत्रण द्विपक्षीय वार्ता के लिए था जबकि दूसरा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए था। बांग्लादेश ब्रिक्स का सदस्य नहीं है लेकिन अभी वह क्षेत्रीय समूह बिम्स्टेक का अध्यक्ष इस समय है जिसके अध्यक्ष के नाते उसे निमंत्रण गया था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जैसवाल ने बांग्लादेश के उन दावों को खारिज किया जिसमें कहा जा रहा था कि तारिक रहमान को सिर्फ ब्रिक्स में शामिल होने के लिए भारत ने न्योता दिया था, द्विपक्षीय वार्ता के लिए नहीं। जैसवाल ने कहा कि दोनों निमंत्रण अलग-अलग दिए गए थे।

बता दें कि बांग्लादेश ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लिया था जबकि 11 सदस्य देशों, 10 पार्टनर देशों के अलावा पांच क्षेत्रीय समूहों के अध्यक्ष देशों ने भी सम्मेलन में हिस्सा लिया था।

एक सवाल के जवाब में जैसवाल ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों के तीन मुख्यमंत्रियों को ब्रिक्स के रात्रिभोज में न्योता भेजा गया था लेकिन वह शामिल नहीं हुए।

पाक मसूद अजहर पर कार्रवाई करे

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जैसवाल ने जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर पर इनाम राशि बढ़ाकर 70 लाख करने और उसे वांछित आतंकियों की सूची में शामिल करने को पाकिस्तान की चाल करार दिया है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान को सूची जारी करने की बजाय आतंकियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। पाकिस्तान को ठोस कदम उठाने चाहिए और मसूद पर कार्रवाई करनी चाहिए।

भारत-चीन के बीच संबंध तीन सिद्धांत पर आधारित

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेश मंत्रालय प्रवक्ता के रंधीर जैसवाल ने मंगलवार को कहा कि भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंध आपसी सम्मान, हित और संवेदनशीलता यानी तीन आपसी सिद्धांतों पर आधारित होने चाहिए।

जैसवाल ने यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात के बारे में जानकारी देते हुए कही। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने बैठक के दौरान भारत की प्रमुख चिंताओं को चीन के सामने रखा और दोनों देशों से एक-दूसरे की महत्वपूर्ण चिंताओं के प्रति संवेदनशील रहने को कहा। दोनों देशों को क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर साझा सहमति बढ़ाने और मिलकर चुनौतियों का सामना करने की दिशा में भी काम करना चाहिए।

ब्रिक्स सम्मेलन में 50 से ज्यादा ठोस फैसलों पर बनी सहमति : विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जैसवाल ने कहा कि भारत विभिन्न मत रखने वाले सदस्य देशों को अहम वैश्विक मुद्दों पर एक साथ लाने में सफल रहा। सम्मेलन के दौरान नवाचार, व्यापार और विकास समेत विभिन्न क्षेत्रों में 50 से ज्यादा ठोस और व्यावहारिक परिणामों पर सहमति बनी। नई दिल्ली घोषणापत्र में आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट और कड़ी भाषा का इस्तेमाल किया गया है तथा इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की स्पष्ट निंदा की गई है।

जैसवाल ने कहा कि अलग-अलग रुख रखने वाले देशों को एक मंच पर लाकर आगे बढ़ने का रास्ता तैयार करना आज की भारत की 'कन्वीनिंग स्ट्रेंथ' यानी साथ लाने की क्षमता को दर्शाता है। साझेदार देशों की भूमिका पर जैसवाल ने स्पष्ट किया कि फिलहाल घोषणापत्र को ब्रिक्स के पूर्ण सदस्य देशों ने अपनाया है।

■ आतंकवाद के खिलाफ सदस्य देश आए साथ : जैसवाल

Canara HSBC LIFE INSURANCE

केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 136)
35वीं मंजिल, आईएफसी, (एम3एम) गोल्फ कोर्स एक्स. रोड, बादशाहपुर, सेक्टर 66, गुरुग्राम, हरियाणा -122101
टेलि.+91-0124-4506700 | फैक्स +91-0124-4535099 | www.canarahsbclife.com
कॉर्पोरेट पहचान सं.: L66010DL2007PLC248825 | ई-मेल: customerservice@canarahsbclife.in
पंजीकृत कार्यालय : 8वीं मंजिल, युनिट सं. 808-814, अम्बादीप बिल्डिंग, प्लॉट सं. 14
कस्तूरबा गाँधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 (भारत) | टेलि. +91 11-49512300

डाक मतपत्र और ई-वोटिंग सूचना

केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 108, धारा 110 तथा अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हों, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और नियम 22, दिनाँक 22 सितंबर, 2025 के सामान्य परिपत्र को, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अन्य संबंधित परिपत्रों (एमसीए परिपत्र) के साथ पठित, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (सेबी लिस्टिंग विनियम) के विनियम 44 को दिनांक 30 जनवरी, 2026 के मास्टर परिपत्र के साथ पठित, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी आम बैठकों पर सचिवीय मानक (एसएस-2) और अन्य लागू कानूनों, नियमों और विनियमों (जिसमें समय-समय पर लागू कोई भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन शामिल है) के अनुसार, कंपनी डाक मतपत्र के माध्यम से सदस्यों की स्वीकृति प्राप्त करना चाहती है। यह स्वीकृति दिनांक 09 सितंबर, 2026 के डाक मतपत्र सूचना (स्पष्टीकरण सहित) (''सूचना'') में निर्दिष्ट निम्नलिखित विशेष कार्यों के संबंध में केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (अर्थात् रिमोट ई-वोटिंग) द्वारा ही दी जानी चाहिए:

क्र.सं.	प्रस्ताव विवरण	विशेष या साधारण प्रस्ताव
1	डॉ. किशोर कुमार सांसी (डीआईएनः 07183950) को 27 अक्टूबर, 2026 से लगातार तीन वर्षों की दूसरी अवधि के लिए गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्त करना।	विशेष प्रस्ताव
2	श्री सुप्रतिम बंद्योपाध्याय (डीआईएनः 03558215) को 28 नवंबर, 2026 से लगातार तीन वर्षों की दूसरी अवधि के लिए गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्त करना।	विशेष प्रस्ताव

एमसीए के परिपत्रों के अनुसार, डाक मतपत्र सूचना और स्पष्टीकरण विवरण की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां 15 सितंबर, 2026 को उन सदस्यों को भेज दी गई हैं जिनके नाम 11 सितंबर, 2026 (**"कटऑफ तिथि)** तक नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("NSDL") और केंद्रीय डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (**"CDSL"**) से प्राप्त सदस्य रजिस्टर / लाभार्थी मालिकों की सूची में दर्ज थे और जिन्होंने कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ अपने ई-मेल पते पंजीकृत किए थे। एमसीए और सेबी के परिपत्रों में दी गई छूट के अनुसार, इस डाक मतपत्र के लिए डाक मतपत्र सूचना और मतपत्र प्रपत्रों की भौतिक प्रतियाँ सदस्यों को नहीं भेजी जा रही है। जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ तिथि तक डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए सदस्यों के रजिस्टर या लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, वह रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।

यह सूचना कंपनी की वेबसाइट www.canarahsbclife.com, स्टॉक एक्सचेंजों (बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) की वेबसाइटों www.bseindia.com और www.nseindia.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर प्रदर्शित की गई है। सदस्यों को सूचना की कोई फिजिकल कॉपी नहीं भेजी गई है और सदस्यों की सहमति/असहमति का कम्युनिकेशन केवल ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से होगा। इस संबंध में, सदस्यों को सूचित किया जाता है किः

ए) डाक मतपत्र के माध्यम से किए जाने वाले लेन-देन केवल ई-वोटिंग के माध्यम से ही किए जाएंगे, जैसा कि अधिनियम, संबंधित नियमों, एमसीए परिपत्रों और समय-समय पर संशोधित सेबी सूचीकरण विनियमों में प्रावधान किया गया है। जिन सदस्यों को डाक मतपत्र सूचना प्राप्त नहीं होती है, वे इसे उपर्युक्त वेबसाइटों से डाउनलोड कर सकते हैं या कंपनी से इसे प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

बी) सदस्यों के वोटिंग अधिकार की गणना **11 सितंबर, 2026** को की गई है, जो कि इसकी कट-ऑफ तिथि है, और जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि तक सदस्य नहीं है, उसे इस सूचना को केवल सूचनात्मक उद्देश्यों के लिए ही समझना चाहिए।

सी) कंपनी ने अपने सभी सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL) की सेवाएँ ली हैं। ई-वोटिंग की प्रक्रिया डाक मतपत्र सूचना के भाग में दिए गए नोट्स में बताई गई है।

डी) ई-वोटिंग गुरुवार, 17 सितंबर 2026 को सुबह 9:00 बजे (भारतीय समयानुसार) शुरू होगा और शुक्रवार, 16 अक्टूबर 2026 को शाम 5:00 बजे (भारतीय समयानुसार) समाप्त होगा। इसके बाद एनएसडीएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा और उक्त तिथि और समय के बाद दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। किसी प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा वोटिंग करने के बाद, उसे बाद में अपना वोट बदलने की अनुमति नहीं होगी। सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट-ऑफ तिथि तक कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे।

यदि प्रस्ताव अनुमोदित होते हैं, तो उन्हें रिमोट ई-वोटिंग के लिए निर्धारित अंतिम तिथि अर्थात् 16 अक्टूबर, 2026 को विधिवत पारित माना जाएगा।

ई) ई-वोटिंग संबंधी निर्देशों के लिए सदस्य www.evoting.nsdl.com की डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका देख सकते हैं अथवा 022-4886 7000 पर संपर्क कर सकते हैं। सदस्य सुश्री पल्लवी म्हात्रे, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, तृतीय तल, नमन चैंबर, प्लॉट सी-32, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र 400051 को निर्दिष्ट ई-मेल पते evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेज सकते हैं अथवा 022-48867000 पर संपर्क कर सकते हैं।

एफ) जिन सदस्यों के पास डीमैट फॉर्म में शेयर है और जिनकी ई-मेल आईडी रजिस्टर्ड नहीं है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट से संपर्क करके अपनी ई-मेल आईडी रजिस्टर करवा लें। वहीं, फिजिकली शेयर रखने वाले शेयरधारक, केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, कार्यालयः प्लॉट नंबर 32, सेलेनियम टॉवर-बी, सेरिलिंगमपल्ली, नानकरामगुडा, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, हैदराबाद - 500032, तेलंगाना राज्य में आवश्यक आईएसआर-1 फॉर्म और सहायक दस्तावेजों को जमा करके अपने संपर्क विवरण अपडेट कर सकते हैं। अनुरोध प्रथम धारक के पैन के साथ https://kprism.kfintech.com/signup पर रजिस्टर्ड करके einward.ris@kfintech.com पर ई-मेल द्वारा भी भेजे जा सकते हैं। मौजूदा उपयोगकर्ता KPRISM (https://kprism.kfintech.com) के माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं।

जी) कंपनी के निदेशक मंडल ने डाक मतपत्र (रिमोट ई-वोटिंग) प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए सुश्री शिरिन भट्ट (सदस्यता संख्या FCS-F8273, सीपी संख्याः 9150), मैसर्स शिरिन भट्ट एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज, फर्म पंजीकरण संख्या S2011DE162600 की प्रोपराइटर को स्क्रूटिनाइज़र के रूप में नियुक्त किया है।

एच) स्क्रूटिनाइज़र अपनी रिपोर्ट कंपनी के अधिकृत व्यक्ति को सौंपेंगी और डाक मतपत्र के परिणाम **20 अक्टूबर, 2026 को या उससे पहले** घोषित किए जाएंगे। उक्त परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.canarahsbclife.com और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध कराए जाएंगे और साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड को भी सूचित किए जाएंगे, जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।

केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के लिए
वत्सला समीर
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सदस्यता संख्याः एसीएस 14813

दिनांकः 16 सितंबर, 2026
स्थानः नई दिल्ली

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड
पो. बॉ. सं. 40, आणंद – 388001, गुजरात दूरभाष: 02692-260 148/149/160, फैक्स: 02692-260159
वेबसाइट: www.nddb.coop, ईमेल: purchase@nddb.coop
बोली के लिए आमंत्रण (IFB)/ स्थानीय प्रतिस्पर्धी बोली (LCB)

निम्नलिखित सूचीबद्ध कार्यों के लिए सेवा प्राप्तकर्ताओं/ एनडीडीबी की ओर से पात्र बोलीदाताओं से बोलियां आमंत्रित हैं:

क्र. सं.	कार्यों का विवरण/बोली संदर्भ	अनुमानित लागत (₹) GST सहित/अवधि	इवेंट आरंभ/ समाप्ति की तिथि	बोली जमा करने/ खोलने की तिथि और समय
क	**निम्नलिखित के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के कार्य:**			
I	सरायकेला डेयरी, झारखंड में रेफ्रिजरेशन सिस्टम **NDDB/HO/Purchase/63/26-27/ET/63[REFRI-SARAIKELA]**	365 लाख/ 09 महीने	19.09.26 12.10.26	12.10.26 15:00 बजे 12.10.26 15:30 बजे
II	सरायकेला डेयरी, झारखंड में 0.50 LLPD एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट **NDDB/HO/Purchase/64/26-27/ET/64[ETP-SARAIKELA]**	285 लाख/ 10 महीने	17.09.26 08.10.26	08.10.26 15:00 बजे 08.10.26 15:30 बजे
III	सरायकेला डेयरी, झारखंड में 2 × 2 TPH सॉलिड फ्यूल बॉयलर **NDDB/HO/Purchase/65/26-27/ET/65[BOILER-SARAIKELA]**	175 लाख/ 10 महीने	16.09.26 07.10.26	07.10.26 15:00 बजे 07.10.26 15:30 बजे
IV	OBPI, ब्रह्मपुर, ओडिशा के लिए 1 नं. × 750 केवीए डीजी सेट (CPCB IV+) **NDDB/HO/Purchase/66/26-27/ET/66[DG-BERHAMPUR]**	85.5 लाख/ 04 महीने	18.09.26 09.10.26	09.10.26 15:00 बजे 09.10.26 15:30 बजे
V	होटवार डेयरी, रांची, झारखंड के लिए 11/0.433 kV ट्रांसफॉर्मर, LT पैनल एवं एक्सेसरीज **NDDB/HO/Purchase/67/26-27/ET/67[Transformer-HOTWAR]**	282 लाख/ 04 महीने	18.09.26 09.10.26	09.10.26 15:00 बजे 09.10.26 15:30 बजे
VI	गिरिडीह डेयरी, झारखंड में 11 kV/433 वोल्ट सबस्टेशन **NDDB/HO/Purchase/68/26-27/ET/68[Substation-GIRIDIH]**	250 लाख/ 10 महीने	16.09.26 07.10.26	07.10.26 15:00 बजे 07.10.26 15:30 बजे

IFB से संबंधित अधिक जानकारी के लिए और बोली दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए कृपया इन वेबसाइटों: **www.nddb.coop** और **www.mstcecommerce.com/eprocn** को देखें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया **ग्रुप प्रमुख (क्रय), एनडीडीबी, आणंद**–388 001 से संपर्क करें।
विशेष सूचना: किसी भी शुद्धिपत्र/संशोधन इत्यादि को केवल इन वेबसाइटों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

अलिसा इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड • CIN: U70109DL2012PTC246042
पंजीकृत कार्यालय: बी-7/45, दूसरी मंजिल, सफदरजंग एन्क्लेव एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110029
कॉर्पोरेट कार्यालय: स्टेटस मॉल, सी-3ए, सेक्टर 129, नोएडा, उ.प्र., 201304
ईमेल: customer.care@status-mall.com • फोन: +91 9091 9091 29

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा आम जनता तथा संबंधित सभी व्यक्तियों, संस्थाओं और प्राधिकरणों को यह सूचना दी जाती है कि **अनुसूची 'ए'** में विशेष रूप से वर्णित भूमि के टुकड़े और इकाइयाँ, तथा **अनुसूची 'बी'** में वर्णित उनसे जुड़े सभी विकास अधिकार और हित (जिन्हें सामूहिक रूप से **"संपत्ति"** कहा गया है), पूर्णतः और अनन्य रूप से अलिसा इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड ("स्वामी") के स्वामित्व में हैं और उनमें निहित हैं।

आम जनता को सावधान किया जाता है कि **श्री विकास भसीन और साया ग्रुप से जुड़ी कंपनियों** ने गलत जानकारी देकर प्रोजेक्ट से मिलने वाली रकम को RERA के तय अकाउंट के बजाय किसी अनधिकृत अकाउंट में धोखाधड़ी से ट्रांसफर किया है। आम जनता को यह भी सूचित किया जाता है कि मालिक को पता चला है कि इन अनधिकृत लेन-देन के संबंध में धोखाधड़ी, जालसाजी और गलत जानकारी देने के लिए **श्री विकास भसीन और उनसे जुड़ी कंपनियों** के खिलाफ कानून लागू करने वाली एजेंसियों के पास औपचारिक आपराधिक शिकायत दर्ज कराई गई है।

तदनुसार आम जनता को सचेत किया जाता है कि वे अनुसूची 'ए' में वर्णित संपत्ति के संबंध में **श्री विकास भसीन या किसी भी साया ग्रुप की इकाई** के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन, बुकिंग, समझौता या व्यावसायिक प्रबंध न करें। ऐसा करने वाला कोई भी व्यक्ति पूरी तरह से अपने स्वयं के जोखिम, लागत और परिणामों पर करेगा। ऐसे कार्य करने से भाग लेने वाले पक्ष गंभीर कानूनी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं, जिसमें चल रहे और भविष्य के आपराधिक मामलों में सह-अभ्युक्त के रूप में नामजद होना भी शामिल है।

स्वामी की पूर्व लिखित सहमति के बिना संपत्ति के साथ किसी भी तरह से व्यवहार करने वाला कोई भी व्यक्ति पूरी तरह से अपने स्वयं के जोखिम और परिणामों पर ऐसा करेगा। संपत्ति को प्रभावित करने वाला कोई भी ऐसा लेन-देन, समझौता या दस्तावेज अवैध, अमान्य और स्वामी पर बाध्यकारी नहीं माना जाएगा।

सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सचेत किया जाता है कि वे संपत्ति पर अतिचार , अतिक्रमण, कब्जा, विज्ञापन, बातचीत, या अन्यथा संपत्ति के संबंध में किसी भी लेन-देन या व्यवस्था में प्रवेश करने से बचें। संपत्ति पर कोई भी अतिचार, अतिक्रमण, कब्जा, हस्तक्षेप, या अनधिकृत व्यवहार करने पर जिम्मेदार व्यक्ति (व्यक्तियों) के जोखिम, लागत और परिणामों पर आपराधिक कार्रवाई सहित उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अनुसूची A
संपत्ति का विवरण

भूमि का वह भूखंड संख्या C3-A, जिसका माप 18,898 (अठारह हजार आठ सौ अट्ठानवे) वर्ग मीटर है, जो लगभग 4.67 (चार दशमलव छह सात) एकड़ है, जो खसरा संख्या 544, 577, 578, 579m, 576m (जो 43.29 एकड़ का हिस्सा है) का भाग है, कुल 64.402 एकड़ भूमि में से, जो ग्राम गेझा तिलपताबाद, सेक्टर 129, 'जेपी ग्रीन्स विश टाउन' नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में स्थित है, जिस पर अन्य परियोजनाओं के साथ-साथ "साया स्टेटस" नामक परियोजना का निर्माण किया जा रहा है।

अनुसूची B
संपत्ति पर अधिकारों का विवरण

भूखंड संख्या C3-A पर विकास अधिकार, जिसका माप 18,898 (अठारह हजार आठ सौ अट्ठानवे) वर्ग मीटर है, जो लगभग 4.67 (चार दशमलव छह सात) एकड़ है, जो खसरा संख्या 544, 577, 578, 579m, 576m (जो 43.29 एकड़ का हिस्सा है) का भाग है, कुल 64.402 एकड़ भूमि में से, जो ग्राम गेझा तिलपताबाद, सेक्टर 129, 'जेपी ग्रीन्स विश टाउन' नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में स्थित है, जिसका कुल विक्रय योग्य क्षेत्रफल लगभग **14,57,336 वर्ग फीट** है।

हस्ताक्षर/-
अधिकृत प्रतिनिधि
अलिसा इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड

दिनांक: 16 सितंबर, 2026
स्थान: नई दिल्ली